अति महत्वपूर्ण
संख्या-20/2025/868/तीस-4-2025

प्रेषक,

अमित गुप्ता,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।

परिवहन अनुभाग- 4 लखनऊः दिनांक 16-10-2025

विषय- राज्य कर आयुक्त अथवा इससे उच्च स्तरीय अधिकारियों को वाहन पोर्टल पर नेशनल रजिस्टर के एक्सेस हेतु आई0डी0 बनाये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-1685/तीस-4-2023, दिनांक 21.11.2023 तथा तत्क्रम में प्रेषित अपने पत्र संख्या-418के0से0/2023-32के0से0/2022, दिनांक 23.11.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उल्लेखनीय है कि संदर्भित पत्र दिनांक 21.11.2023 द्वारा पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० के पत्र संख्या-DT.HC.Pol. Veh. Tra-2021, दिनांक 09.11.2023 में उल्लिखित तथ्यों एवं किये गए अनुरोध के क्रम में आख्या/प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है, ताकि विषयगत प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

तत्क्रम में संदर्भित पत्र दिनांक 23.11.2023 द्वारा पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० के उक्त अनुरोध के क्रम में वाहन पोर्टल को संचालित करने वाले डाटाबेस की API उपलब्ध कराये जाने हेतु एन०आई०सी०, दिल्ली को निर्देशित किये जाने का अनुरोध सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से किया गया है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रकरण में मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० को नेशनल पोर्टल पर डाटा एक्सेस हेतु उन्हें यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड प्रदान किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

कृपया उपरोक्तानुसार अग्रतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

अमित गुप्ता
प्रमुख सचिव।

संख्या-20/2025/868(1)/तीस-4-2025, तददिनांक।

उक्त की प्रति पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० को उनके पत्र संख्या-DT.HC. Pol.Veh.Tra-2021, दिनांक 09.11.2023 के सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

नितिन कुमार गुप्त
उप सचिव।

http://vishwas.up.gov.in